हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026



खबर संक्षेप

सफाई व्यवस्था की अनदेखी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

कोरबा। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 29 मुड़ापार में सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए हल्लाबोल आंदोलन किया। वार्ड में जगह-जगह जाम नालियां, जमा कचरे के ढेर और उससे फैलती दुर्गंध के कारण स्थानीय नागरिक लंबे समय से परेशान हैं। सफाई व्यवस्था में अपेक्षित नियमितता और निगरानी नहीं होने के विरोध में कांग्रेस नेताओं एवं वार्डवासियों ने मौके पर श्रमदान कर नालियों की सफाई की तथा जमा कचरे को एक स्थान पर एकत्रित किया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, जिला कांग्रेस महामंत्री रवि सिंह चंदेल, वार्ड पार्षद गोपाल कुर्रे, पार्षद सुखसागर निर्मलकर, बद्री किरण, सुभाष राठौर तथा पार्षद प्रतिनिधि अविनाश बंजारे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने कहा कि नगर निगम का पहला दायित्व शहरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। यदि नागरिकों को अपने मोहल्ले की जाम नालियां और कचरे के ढेर स्वयं साफ करने के लिए मजबूर होना पड़े, तो यह केवल सफाई की समस्या नहीं, बल्कि व्यवस्था की जवाबदेही का विषय है। उन्होंने कहा कि निगम के संसाधन और सफाई कर्मचारी होने के बावजूद यदि वार्डवासी गंदगी और दुर्गंध के बीच रहने को मजबूर हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली की समीक्षा करनी चाहिए। कांग्रेस का यह श्रमदान किसी राजनीतिक प्रदर्शन से अधिक निगम प्रशासन को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाने का प्रयास है। मुकेश राठौर ने निगम अधिकारियों से मांग की कि वार्ड 29 में विशेष सफाई अभियान चलाकर सभी नालियों की गहराई से सफाई, कचरे का तत्काल उठाव, नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण तथा नालियों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। केवल अभियान चलाकर फोटो खिंचवाने से नहीं, बल्कि नियमित व्यवस्था से ही नागरिकों

निधन

सुश्री श्याम कंवर



कोरबा। नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर सुश्री श्याम कंवर का शनिवार को अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में शाम निधन हो गई है, उनकी अंत्योस्टि कार्यक्रम उनके गृहग्राम भैसमा में रविवार की सुबह प्रातः 10 बजे की जाएगी।

मुआवजा, रोजगार और वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

मुआवजा, रोजगार और वेतन की मांग विस्थापितों ने कोल चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयले की चमक के बीच स्थानीय लोगों के अधिकार और मजदूरों की समस्याएं एक बार फिर सुर्खियों में हैं। एसईसीएल के गेवरा हाउस में चेयरमैन के आगमन के दौरान भू-स्थापितों, ड्राइवरों और मजदूरों का आक्रोश सामने आया। लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शनकारियों ने मुख्य गेट पर नारेबाजी कर प्रबंधन तक अपनी आवाज पहुंचाई। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष उमागोपाल के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपकर मुआवजा, रोजगार, समय पर वेतन और खदानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।



चेयरमैन को ज्ञापन देते भूविस्थापित।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कोयला खदानों के विस्तार और औद्योगिक गतिविधियों के बीच स्थानीय प्रभावितों तथा ठेका श्रमिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर ठोस पहल नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन में भू-स्थापितों के मुआवजे और पुनर्वास का मुद्दा प्रमुखता से उठा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि एसईसीएल खदान क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों को बिना अनुचित कटौती के उचित मुआवजा दिया जाए और पुनर्वास के तहत सुरक्षित स्थान पर बसाने की व्यवस्था की जाए। स्थानीय लोगों के अधिकारों का सवाल उठाते हुए संगठन ने कहा कि खनन गतिविधियों से प्रभावित परिवारों को उनके जायज हक मिलने चाहिए। विकास की प्रक्रिया में विस्थापित परिवारों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान ठेका कंपनियों में कार्यरत ड्राइवरों और मजदूरों के वेतन भुगतान का मुद्दा भी गरमाया। प्रदर्शनकारियों ने कलिंगा कंपनी में काम करने वाले श्रमिकों को हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। उनका कहना था कि वेतन में देरी से मजदूरों को बैंक की किस्तें चुकाने और परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में परेशानी होती है। एसईसीएल दीपका क्षेत्र में जय अंबे रोड लाइंस के कामगारों को नियमित ड्यूटी और समय पर वेतन देने की मांग भी उठाई गई।

कोल इंडिया चेयरमैन ने किया एसईसीएल की गेवरा खदान का दौरा

कोल इंडिया चेयरमैन बी साईराम ने शनिवार को को एसईसीएल की गेवरा परियोजना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने खदान के विभिन्न पैचों का निरीक्षण किया तथा विभागीय एवं ठेका श्रमिकों से संवाद किया। दौरे की शुरुआत में श्री साईराम ने व्यू पॉइंट से खदान का अवलोकन किया और माइन प्लान की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विभागीय पैच का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने पार्थ शॉवेल एवं 240 टन क्षमता वाले डंपर के ऑपरेटरों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन भारत की पहली टाटा हिटाची के 21 क्यूबिक मीटर क्षमता वाले इलेक्ट्रिक शॉवेल पर स्वयं चढ़े और ऑपरेटर केबिन का जायजा लिया। उन्होंने ऑपरेटर से बातचीत कर मशीन के सुरक्षा फीचर्स तथा एर्गोनॉमिक्स की जानकारी ली। उन्होंने कृष्णा शॉवेल का भी अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने केजेएसएल के कोल फेस का निरीक्षण किया और वहाँ कार्यरत ठेका श्रमिकों से बातचीत की। देव माइनिंग पैच के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय कर्मियों एवं ठेकेदार कंपनी के श्रमिकों से संवाद किया। उन्होंने पीएनसी एवं सैनिक माइनिंग पैच का भी निरीक्षण किया। श्री साईराम ने गेवरा हाउस में दीपका एवं गेवरा टीमों के साथ बैठक कर उत्पादन-उत्पादकता एवं आगे की कार्ययोजना की समीक्षा की। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी) संचालन रमेश चंद्र महापात्र एवं निदेशक (तकनीकी) योजना परियोजना नृपेन्द्र नाथ सहित अन्य अधिकारी साथ रहे।

न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राधेश्याम केंवट पिता हीरालाल जाति केंवट निवासी ग्राम रलिया तहसील दीपका के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका में खातेदार हीरालाल पिता चैनु के नाम पर स्थित भूमि ख.नं. 911/12 कुल खसरा नं. 01 रकबा 0.121 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। उक्त भूमि के खातेदार हीरालाल पिता चैनु की मृत्यु दिनांक 07/08/2026 को हो जाने के कारण फौती नामांतरण दर्ज किये जाने बाबत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा में प्रस्तुत किया गया है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 16/10/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 29/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार, दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ०ग०)

//राजस्व मामले में नोटिस//

रा.प्र.क. 202605050600090/अ-6अ/2025-26
ग्राम खरमोरा प०ह०नं० 20
सत्यप्रकाश वगैरह विरूद्ध छ.ग. शासन
फिरत राम राठौर पिता श्री विश्राम राठौर निवासी कांशीनगर बुधवारी बाजार कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ०ग०)

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सत्य प्रकाश पिता सुंदर लाल वगैरह निवासी पाली जिला कोरबा द्वारा ग्राम खरमोरा प०ह०नं० 20 रा०नि०म० दादरखुर्द स्थित भूमि ख०नं० पुराना 4/5 का नया ख०नं० 580/1 रकबा 0.06 ए० को विक्रेता फिरत राम राठौर पिता विश्राम राठौर निवासी कांशी नगर बुधवारी बाजार कोरबा से पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 30/03/2009 को स्व० कृष्णा देवी द्वारा क्रय किया गया था, क्रय करने उपरांत उक्त भूमि का विधिवत नामांतरण कराया गया है. किन्तु वर्तमान अभिलेखों में उक्त भूमि क्रेता कृष्णादेवी के नाम पर दर्ज नहीं होने के कारण अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 15/10/2026 को दिन के 11:00 बजे स्थानः तहसील कार्यालय कोरबा पर होगी। आज दिनांक 30/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
जिला कोरबा (छ.ग.)

महाराष्ट्रा एवं पंजाब बैंक अधिकारियों की बैठक

कोरबा। 21 नवंबर को आयोजित होने वाली धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.एक्ट) से संबंधित विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से न्यायाधीशगण की कमेटी द्वारा जिले के बैंक ऑफ महाराष्ट्रा एवं पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारीगण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धारा 138 एन.आई. एक्ट के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सत्या वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड, पता प्लॉट नं. 52, सेक्टर "सी" इंडस्ट्रीयल एरिया, सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495004 की ओर से डायरेक्टर श्री प्रमोद कुमार खेड़िया आत्मज श्री चुन्नीलाल खेड़िया ने विक्रेता/खातेदार, राजीव बगड़िया आत्मज श्री सत्यनारायण बगड़िया, जाति अग्रवाल, निवासी- मोदी कालोनी, जवाहरलाल नेहरू रोड, रामगढ कैंट, पोस्ट आफिस, थाना एवं जिला रामगढ कैंट (झारखण्ड) हाल मुकाम - टी.पी. नगर कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के एकल भूमि स्वामी व हक की मौजा ग्राम -उच्चभट्ठी, पहनं. 01, रा.नि.मं. चाम्पा, तहसील चाम्पा जिला जांजगीर - चाम्पा (छ.ग.) स्थित ख.नं. 232/5 रकबा 1.18 एकड़ में से 0.09 एकड़ भूमि सुगन्धा सीटी के मार्ग में विक्रेता द्वारा उपयोग की गई है, तथा शेष बचत भूमि रकबा 1.09 एकड़ कृषि भूमि दो भागों में विभक्त होकर क्रमशः रकबा 0.49 एकड़ भूमि जिसकी चतुर्दिक सीमा उत्तर में सीताबाई, दक्षिण में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पश्चिम में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पूर्व में चांपा कोरबा मुख्य मार्ग एवं रकबा 0.60 एकड़ भूमि की चौहद्दी उत्तर में सुगंधा सीटी जाने का रास्ता, (जिसपर बचत 9 डिसमिल भूमि का उपयोग मार्ग में किया गया है) दक्षिण में सीताबाई, पश्चिम में सत्या वेंचर्स प्रा.लि., पूर्व में चांपा-कोरबा मार्ग स्थित हैं, को ने क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना की संपूर्ण राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है, निकट भविष्य मे उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन कराया जाना है। वर्तमान में मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त वर्णित अचल सम्पत्ति के हस्तांतरण एवं पंजीयन विलेख के निष्पादन की विधिक प्रक्रिया प्रचलन में हैं।

अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संयुक्त परिवार/ संस्था / शासकीय/ अशासकीय बैंक/ निकाय/ विभाग इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या भार हो तो अपना उजर दावा, आपत्ति इस ईश्तहार/ आमसूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा के समर्थन में मूल विधिक दस्तावेजो के साथ मेरे उपरोक्त दर्शित पते पर/कार्यालय में आकर अपना दावा आपत्ति कार्यालय समय में आकर प्रस्तुत कर सकते है, 15 दिवस पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने पक्ष में पंजीयन विलेख का निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान :- कोरबा
दिनांक :-

संजय शाह
अधिवक्ता कोरबा
मो.नं. 7000697223

आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सत्या वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड, पता प्लॉट नं. 52, सेक्टर "सी" इंडस्ट्रीयल एरिया, सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495004 की ओर से डायरेक्टर श्री प्रमोद कुमार खेड़िया आत्मज श्री चुन्नीलाल खेड़िया ने विक्रेता/खातेदार, श्रीमती वर्षा बगड़िया, पति श्री राजीव बगड़िया जाति अग्रवाल, निवासी मोदी कालोनी, जवाहरलाल नेहरू रोड, रामगढ कैंट, पोस्ट आफिस, थाना एवं जिला रामगढ कैंट (झारखण्ड) हाल मुकाम - टी.पी. नगर कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के एकल भूमि स्वामी हक की मौजा ग्राम उच्चभट्ठी, पहनं.- 01, रा.नि.मं. चाम्पा, तहसील-चाम्पा जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) स्थित ख. नं. 232/10 के संम्पूर्ण रकबा 3.37 एकड़/ 1.3560 हेक्टेयर कृषि भूमि जिसकी चतुर्दिक सीमा उत्तर में सुरेन्द्र कुमार पाटले ख.नं. 224/3, दिलेराम मनहरण गोवर्धन ख.नं.224/1, कैलाशचंद अग्रवाल ख.नं. 232/104 व विजय बुधिया ख.नं. 232/9 (पुराना 232/12), दक्षिण में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पश्चिम में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पूर्व में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना की संपूर्ण राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है, निकट भविष्य मे उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन कराया जाना है। वर्तमान में मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त वर्णित अचल सम्पत्ति के हस्तांतरण एवं पंजीयन विलेख के निष्पादन की विधिक प्रक्रिया प्रचलन में हैं।

अतः उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संयुक्त परिवार / संस्था / शासकीय/ अशासकीय बैंक/ निकाय/ विभाग इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या भार हो तो अपना उजर दावा, आपत्ति इस ईश्तहार/ आमसूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा के समर्थन में मूल विधिक दस्तावेजो के साथ मेरे उपरोक्त दर्शित पते पर/कार्यालय में आकर अपना दावा आपत्ति कार्यालय समय में आकर प्रस्तुत कर सकते है, 15 दिवस पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने पक्ष में पंजीयन विलेख का निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान :- कोरबा
दिनांक :-

संजय शाह
अधिवक्ता कोरबा
मो.नं. 7000697223









तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

8

कोल अफसरों को मिली राहत, तीन किश्तों में मिलेगा पे स्केल अपग्रेडेशन का एरिया



खबर संक्षेप

बांकी अस्पताल में पुख्ता होगी रात्रिकालीन इयूटी

कोरबा। एसईसीएल के बांकीमोंगरा अस्पताल में रात्रिकालीन चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रबंधन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अस्पताल में रात के समय चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देश जारी किए हैं। इस पहल से क्षेत्र के मरीजों को रात के समय इलाज के लिए होने वाली परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे को लेकर भाजपा पार्षद अश्विनी मिश्रा ने एसईसीएल के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बांकीमोंगरा अस्पताल में रात्रिकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुचारु बनाने का आग्रह किया था।

दर्री जोन में 13 अक्टूबर को लगेगा सेवा सेतु शिविर

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 13 अक्टूबर को दर्री जोन में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं एवं आवेदनों के निराकरण में सहायता करना है। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, समाज कल्याण, विद्युत, सहकारिता, कौशल विकास, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, परिवहन सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

ग्रामीणों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा शहर के स्मृति उद्यान परिसर में शिविर-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों और आम नागरिकों तक शासन की योजनाओं तथा जिले में हुए विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाना था। प्रदर्शनी में जिले की विकास योजनाओं, उपलब्धियों और विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर शासन द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका का भी वितरण किया गया।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

कोरबा। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, कोरबा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जिले के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के ऐसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को दिया जाएगा। पात्र विद्यार्थी निर्धारित आवेदन प्रारूप में 30 अक्टूबर तक अपने गृह जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय, कोरबा में आवेदन जमा कर सकते हैं।

सफाई सैनिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए कोरबा बने मॉडल जिला

कोरबा। शहर और बस्तियों को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मचारियों का योगदान रोजमर्रा की जिंदगी का जरूरी हिस्सा है। उनके श्रम से सार्वजनिक स्थान स्वच्छ और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनते हैं। ऐसे कर्मियों को सम्मान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियां, उचित वेतन और गरिमापूर्ण जीवन देना समाज और शासन दोनों की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष कैशब बिहारी ने कहा कि कोरबा ऊर्जा जिला है और यहां जिला खनिज न्यास सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के संसाधनों से सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाई जा सकती है।

महिला किसानों को भी फार्मर आईडी के साथ दी जा रही किसान सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसान सम्मान निधि जैसे केंद्रीय योजनाओं के दायरे में अब अंचल की महिला किसान भी शामिल हो गई है। फार्मर आईडी अनिवार्य किए जाने के बाद कृषि विभाग के रिकार्ड में दर्ज महिला किसानों को भी किसान सम्मान निधि देने की शुरुआत हो गई है और विभाग के द्वारा अधिक से अधिक महिला कृषकों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है।

स्व सहायता समूह के अलावा अन्य स्वरोजगार के कार्यों से जोड़ने वाली महिलाओं को सीधे तौर पर खेती के क्षेत्र से जोड़ा जा रहा है। ऐसे महिला कृषकों को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज खेती के जमीन के आधार पर उन्हें सहकारी बैंक से लोन के साथ केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना से भी जोड़ने का काम शुरु कर दिया गया है। ऐसे महिलाओं को सामूहिक खेती के साथ व्यक्तिगत खेती का रिकार्ड भी तैयार किया गया है। आमतौर पर अब तक कृषि विभाग के रिकार्ड में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों में महिला कृषकों की संख्या फिलहाल कम है। रिकार्ड के अनुसार महज 78 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। इनमें महिलाओं की संख्या वर्तमान में 3 सौ के लगभग पहुंची है जिन्हें सम्मान निधि से जोड़ा गया है। इन महिलाओं में अधिकांश करतला विकासखंड जो कृषि के क्षेत्र में एक समृद्धशाली क्षेत्र माना जाता है। इस ब्लॉक के अलावा पाली और कोरबा ब्लॉक में कुछ महिलाओं के नाम पर खेती की भूमि दर्ज है उन्हें सीधे कृषि योजनाओं की लाभ देने की तैयारी की गई है।

कृषि विभाग के रिकार्ड में दर्ज हैं 150 महिला किसान

खास बातें

- थाना के अलावा अन्य फसल लेने के लिए भी सक्रिय हैं महिला मृतक



सबसे ज्यादा संख्या सब्जी खेती में

सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में बतायी गई है किंतु सब्जी के खेती में उनकी भागीदारी जरुर है, उक्त भूमि पर उनके द्वारा सब्जी उत्पादन किया जाता है। वह उनके नाम पर रिकार्ड में दर्ज नहीं है इसलिए महिला कृषक की सूची में सब्जी उत्पादन करने वाली महिलाओं का नाम दर्ज नहीं हो पाता है। ऐसे महिलाओं को भी कृषि विभाग जोड़ने की तैयारी कर रहा है लेकिन शासकीय नियमों के मुताबिक महिला कृषकों के नाम पर भूमि का दर्ज होना आवश्यक है। जिले में सब्जी उत्पादन करने वाली महिलाएं करतला कोरबा ब्लॉक के साथ पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में ज्यादा है किंतु इनके नाम पर इन विकासखंड में भूमि कम संख्या में दर्ज है जिससे उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ नहीं मिल पाता।

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में हुआ शुभारंभ

संजय नगर वाय-शेप अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की बहुप्रतीक्षित संजय नगर वाय-शेप अंडरब्रिज परियोजना का निर्माण कार्य शनिवार को उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुआ। अंडरब्रिज बनने से रेलवे फाटक पर बार-बार लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी और रेलवे स्टेशन सहित आसपास के क्षेत्रों तक आवागमन सुगम होगा।

उल्लेखनीय है कि रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले इस रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से संजय नगर और पुरानी बस्ती क्षेत्र के लोग पिछले 15 वर्षों से परेशानी झेल रहे थे। समस्या के स्थायी समाधान के लिए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने जिला खनिज न्यास मद से 30 करोड़ 96 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिला खनिज न्यास मद से कोरबा नगर और जिले में बड़े प्रोजेक्ट के साथ-साथ जनसुविधा से जुड़े छोटे-छोटे कार्य भी धरातल पर उतारे जा रहे हैं। इसी कड़ी में संजय नगर अंडरब्रिज के लिए राशि स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास और विकास के संकल्प के साथ महत्वपूर्ण परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर रही है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि वे इसी संजय नगर वार्ड से पार्षद रही हैं और क्षेत्रवासी लंबे समय से रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से परेशान थे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन के नेतृत्व में इस महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत हुई है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने भी संबोधित किया। अंडरब्रिज बनने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, डॉ. राजीव सिंह, आयुक्त श्री आशुतोष पांडे, पार्षदगण नरेन्द्र देवांगन, सुलोचना यादव आदि उपस्थित थे।



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधि।

खास बात

- डीएमएफ से 30 करोड़ 96 लाख रुपए की स्वीकृति

अंडरब्रिज की खास बातें

- आरयूबी की लंबाईः 455 मीटर
- बॉक्स की लंबाईः 28.80 मीटर
- बॉक्स की ऊंचाईः 4.50 मीटर
- पुल की चौड़ाईः 8.50 मीटर
- कैरेजवेः 7.50 मीटर
- यू-टाइप रिटर्न की कुल लंबाईः 426.20 मीटर
- सुनालिया ज्वेलर्स की ओरः 175.60 मीटर
- रेलवे स्टेशन की ओरः 125.60 मीटर
- पुरानी बस्ती की ओरः 125 मीटर

यातायात समस्या से मिलेगी निजात

वाय-शेप अंडरब्रिज एक ओर कोतवाली क्षेत्र और दूसरी ओर रेलवे स्टेशन की दिशा से जुड़ेगा। निर्माण कार्य करीब एक से सवा वर्ष में पूरा होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि सुनालिया पुल से रातीखार की ओर नहर के किनारे एक मार्ग और पुल का निर्माण 22 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। ब्रिज के निर्माण के बाद रेलवे क्रासिंग के बार बार बंद होने से सुनालिया पुल पर लगने वाले जाम एवं यातायात की समस्या से कुछ हद तक निजात मिल सकेगी।

305 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधों एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रातीखार अटल आवास निवासी राजू केसरी पिता भीम बहादुर केसरी उम्र 25 वर्ष अवैध रूप से गांजा रखकर पुड़िया बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को गांजा बेचते पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से 305 ग्राम गांजा जप्त कर धारा 20(बी)(ii)(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसी प्रकार पानी टंकी नर्सरी मोहल्ला, कोरबा निवासी शंकर दास पिता स्व. रामकुमार उम्र 22 वर्ष को सार्वजनिक स्थान पर गांजा सेवन हेतु रखे 5 ग्राम गांजा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई तथा न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

युवक की डूबने से मौत, दोस्तों के साथ गया था पिकनिक मनाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक।

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के कटाईनार स्थित एनीकट (डेम) में शुक्रवार को पिकनिक मनाने पहुंचे 4 दोस्तो में से एक युवक के गहरे पानी में बह जाने की घटना सामने आई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, दर्री थाना अंतर्गत आयोध्यापुरी बस्ती निवासी नरेश साहू अपने अन्य साथियों के साथ शुक्रवार को पिकनिक मनाने कटाईनार एनीकट पहुंचा था। इसी दौरान नहाने की कोशिश के वक्त अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी की ओर बहने लगा। मौजूद साथियों ने उसे बचाने के लिए पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे उसे बचाने में सफल नहीं हो सके। घटना के बाद सूचना परिजन और परिजन द्वारा थाने में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। 15 वर्षीय नरेश की तलाश के लिए एनीकट के गेट बंद करवाए गए। पुलिस की मौजूदगी में बचाव दल, गोताखोर लापता की खोजबीन करने लगे घंटों मशक्कत के बाद नरेश का शव बरामद हुआ जिसे बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच कार्यवाही में लिया गया।

दुकान पर अज्ञात हमलावरों ने फेंका सुतली बम, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

शहर के एक दुकान में रात के समय सुतली बम फेंकने का मामला सामने आया है। सुतली बम फेंकने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस घटना से दुकान को क्षति पहुंची है। दुकान संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि गौसिया नगर निवासी अयाज आलम आ. खालिद की रिंग रोड में आरजू होटल के समीप ड्रीम फर्निशिंग के नाम से दुकान संचालित है। व्यवसायी 9 अक्टूबर की रात 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। इस दौरान रात लगभग 12 बजे उसने अपने दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे से मोबाइल के माध्यम से देखा तो दुकान के बाहर कुछ जला हुआ नजर आया। जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान के बाहर बम फटा हुआ था। इस दौरान उसने सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पता चला की रात लगभग 10.20 बजे दो अज्ञात बाइक सवार शोर मचाते हुए आए और दुकान पर सुतली बम फेंककर फरार हो गये। सुतली बम का धमाका काफी तेज था। इस घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। संचालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। वहीं घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

18.80 किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए 5 करोड़ 72 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तीन ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। पांच वर्ष की अवधि पूरी कर चुकी और जर्जर हो चुकी इन सड़कों की कुल लंबाई 18.80 किलोमीटर है। इनके सुदृढ़ीकरण के लिए कुल 5 करोड़ 72 लाख 19 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

स्वीकृत कार्यों में करतला विकासखंड की केराकछार से मौहार सड़क, लंबाई 3.24 किलोमीटर, के लिए 1 करोड़ 2 लाख 76 हजार रुपये तथा पिड़िया से बड़मार सड़क, लंबाई 7.36 किलोमीटर, के लिए 2 करोड़ 22 लाख 81 हजार रुपये शामिल हैं। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड की गिद्धमुड़ी से कोटखर्री सड़क, लंबाई 8.20 किलोमीटर, के सुदृढ़ीकरण के लिए 2 करोड़ 46 लाख 62 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता श्री सी एस तवंर ने कहा है कि सड़कें ग्रामीण जीवन की बुनियादी जरूरतों और गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके सुदृढ़ होने से ग्रामीणों को बाजार, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सुविधा होगी। विद्यार्थियों के लिए स्कूल और महाविद्यालय तक नियमित आवागमन आसान होगा। वहीं, किसानों और श्रमिकों को अपने कामकाज तथा उपज को बाजार तक ले जाने में सहूलियत मिलेगी। ग्रामीणों को वर्षभर बेहतर सड़क संपर्क मिलने से दैनिक आवागमन भी अधिक सुविधाजनक होगा।



फाइल फोटो



MAHAMAYA INFRATECH

COMPLETE INDUSTRIAL AND HOME SOLUTION

नवरात्रि दशहरा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ के विशाल
4,000 SQ. FT
शोरूम में आपका स्वागत है

जहां एक ही छत के नीचे
मिलेगा सभी जरुरतों का समाधान !

POWER TOOLS | INDUSTRIAL TOOLS | INDUSTRIAL SAFETY | FIRE SAFETY | ROAD SAFETY | HARDWARE | SS & GLASS RAILING



परिवहन नगर, कोरबा
इंडियन कॉफी हाउस के सामने)
STADIUM ROAD

INGCO
Make The World In Your Hands

CORDLESS WRENCH
20V LITHUM-ION
INGCO हर प्रोफेशनल की पसंद

- ज्यादा पावर
- लंबी बैटरी लाइफ
- मजबूत और टिकाऊ
- एर्गोनोमिक डिजाइन

INDUSTRIAL SAFETY
सुरक्षा है तो सब संभव है

- हैलमेट
- सेफ्टी शूज
- ग्लन्से
- गोगेल्स
- हार्नेस
- रिफलेक्टिव जैकेट
- और भी बहत कुछ

FIRE SAFETY

- फायर एक्सटिंग्विशर
- फायर होज
- फायर अलार्म
- फायर कैबिनेट
- और भी बहुत कुछ

ROAD SAFETY

- ट्रैफिक कोन
- रिफ्लेक्टर
- स्पीड ब्रेकर
- साइन बोर्ड
- और भी बहुत कुछ

हमारे प्रमुख ब्रांड्स
INGCO | BOSCH | XTRA-POWER | DeWALT | Makita | DCA | STANLEY | KARAM | TAPARIA



विकास अग्रवाल
प्रोपराइटर

औद्योगिक संस्थानों, पावर प्लांट्स, ठेकेदारों, बिल्डर्स एवं आम ग्राहकों के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड्स के उत्पादों की विशाल रेंज....

Build Your Dream With Us

बेहतरीन ब्रांड्स | बेहतर क्वालिटी | उचित कीमत | भरोसेमंद सर्विस

इंडियन कॉफी हाउस के सामने
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा (छ.ग.)

8770434032

mahamayainfra2892@gmail.com

आपके हर निर्माण और औद्योगिक जरूरत का विश्वसनीय साथी

!! जय अग्रसेन !! !! जय अग्रसेन !! !! जय अग्रवाल !!





श्री अग्रसेन जी महाराज

की जयंती एवं नवरात्रि पर्व की समस्त जिलेवासियों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



लायन राकेश गोयल
परिधान गारमेंट्स
मेन रोड, कटघोरा



लायन मनोज अग्रवाल
गोमती फ्यूल्स
अम्बिकापुर रोड कटघोरा



लायन राकेश बंसल
सुदामा टाईल्स
मेन रोड कटघोरा



लायन नरेंद्र अग्रवाल
ज्योति कूलर फैक्ट्री एन्ड ज्योति सेल्स
नवागांव रोड कटघोरा



लायन दीपक गर्ग
हेलो गर्ल्स बाजार मोहल्ला कटघोरा



लायन जितेंद्र अग्रवाल
महाबली जनरल स्टोर्स
न्यू बस स्टैंड कटघोरा



लायन भरत अग्रवाल
भरत ऑटो पार्ट्स मेन रोड, कटघोरा



लायन विकास अग्रवाल
महामाया फेब्रिकेटर्स अम्बिकापुर रोड कटघोरा



लायन प्रकाश अग्रवाल
अंजनी हार्डवेयर-अम्बिकापुर रोड कटघोरा



लायन रविन्द्र अग्रवाल (रीनू)
सर्वमंगला हार्डवेयर
न्यू बस स्टैंड, कटघोरा



लायन अतुल मित्तल
मित्तल राईस मिल
कारखाना एरिया कटघोरा



लायन नितिन मित्तल
गृहस्थी सुपर बाजार
मेन रोड कटघोरा



लायन राजकुमार अग्रवाल
फर्म-राज प्रोविजन स्टोर
गायत्री धर्मशाला के पास कटघोरा



लायन अंशुल अग्रवाल
विजय मोटर्स
मेन रोड कटघोरा



लायन गणेश अग्रवाल (छोटू)
संजय मोबाईल
न्यू बस स्टैंड कटघोरा



लायन राजकुमार अग्रवाल
राज किराना स्टोर्स एवं राज ज्वेलर्स (छुरी)



लायन हुकुमचंद अग्रवाल
राज हार्डवेयर (छुरी)



लायन टेकचंद अग्रवाल
फर्म-ओम इंटरप्राइजेज मेन रोड छुरी



लायन अभिषेक अग्रवाल
चार्टर्ड अकाउंटेंट न्यू बस स्टैंड कटघोरा



लायन अंकित सिंघल
सिंघल राईस मिल सुतर्री, जिला-कोरबा

10 korba-pg6-Full page_Layout 1 11-10-2026 01:05 Page 1



महाराजा श्री अग्रसेन जी



की जयंती समारोह में पधारे सभी अग्रबंधुओं का

नंदन, वंदन, अभिनंदन



मुख्य अतिथि
श्री डॉ. राजकुमार अग्रवाल
वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी कोरबा



श्री सत्यनारायण जी धनोदिया
संरक्षक



श्री कृष्ण कुमार जी मित्तल
संरक्षक



श्री रामनाथ जी सिंघल
संरक्षक



श्री बजरंग लाल जी अग्रवाल
संरक्षक



श्री राजकुमार जी अग्रवाल
संरक्षक



विशिष्ट अतिथि
श्री गौरव अग्रवाल
युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी
बिल्हा बिलासपुर



विशिष्ट अतिथि
श्री ललित कुमार अग्रवाल
प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं धर्मवीर
रतनपुर बिलासपुर



श्री सागरमल जी धनोदिया
संयोजक



श्री रतन मित्तल जी
संयोजक



पवन अग्रवाल (ज्योति)
अध्यक्ष



सुरेश बंसल
उपाध्यक्ष



अभिषेक गर्ग
सचिव



राकेश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष

कार्यकारिणी सदस्यः-श्री सत्यनारायण जिंदल (अम्बे हार्डवेयर), श्री अशोक गोयल (राहुल रोड लाईन), श्री भरत मित्तल, श्री बजरंग अग्रवाल, श्री मनोज बंसल, श्री अनुराग अग्रवाल, श्री नरेन्द्र मित्तल, श्री नवीन अग्रवाल (राघवशंकर राईस मिल), श्री प्यारे लाल अग्रवाल, श्री रवि सिंघल, श्री राजकुमार अग्रवाल (नारियल वाले), श्री संजय गोयल, श्री लक्ष्मी गर्ग, श्री संजय सिंघल (पार्षद), श्री जय प्रकाश अग्रवाल, श्री संजय धनोदिया, श्री रिक्कू अग्रवाल, श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल (अग्रवाल एजेंसी),श्री अतुल मित्तल, श्री राकेश गोयल, श्री हनुमान गर्ग, श्री शिव मित्तल, श्री प्रशांत अग्रवाल, श्री पवन गोयल (शारदा), श्री विकास अग्रवाल (विक्की वेल्डींग), श्री प्रदीप अग्रवाल (छुरीवाले), श्री विकास अग्रवाल (लाला जी), श्री पवन अग्रवाल (जयनारायण), श्री सोनू अग्रवाल (कारखाना), श्री शंकर गर्ग, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, श्री कैलाश अग्रवाल, श्री राजकुमार अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल (बाजार मोहल्ला), श्री रानू अग्रवाल (सर्वमंगला हार्डवेयर), श्री शिव अग्रवाल (शुभकामना गारमेंट्स), श्री दिनेश अग्रवाल (ढेलवाडीह), श्री अशोक अग्रवाल (रजकम्मा), श्री मोहन अग्रवाल (गुरसिंया), श्री मुकेश अग्रवाल (पाली), श्री प्रवीण अग्रवाल (जटगा), श्री दुर्गा अग्रवाल, श्री गोपाल मित्तल, श्री विजय बंसल, श्री राजू अग्रवाल

विधिक सलाहकार-श्री सुरेश केडिया जी, मीडिया प्रभारी-श्री अजय धनोदिया, श्री हितेश अग्रवाल, भवन आरक्षण प्रभारी-श्री रमेश अग्रवाल (भवानी)

भवन निर्माण समिति- श्री पवन अग्रवाल (अध्यक्ष), श्री घासीराम अग्रवाल, श्री अनिल मित्तल, श्री अनिल अग्रवाल (पाले), श्री चन्द्रप्रकाश सिंघानिया, श्री संतोष अग्रवाल, श्री रमेश अग्रवाल, श्री शंकरलाल अग्रवाल

सभी जिलेवासियों को अग्रसेन जयंती, नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई

महाराजा श्री अग्रसेन जी

की जयंती समारोह में पधारे

सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन



अजय धनोदिया
खेल प्रभारी खेल महोत्सव



अमन अग्रवाल
अध्यक्ष
अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा



अंजनेय गोयल
उपाध्यक्ष
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा



लायन लव अग्रवाल
सचिव
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा



अक्षत धनोदिया
कोषाध्यक्ष
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा

अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

श्री अग्रसेन जयंती
नवरात्रि पर्व की
पूरे जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



मनोज अग्रवाल

पूर्व अध्यक्ष-अग्रवाल सभा छुरी
उपाध्यक्ष- संभागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर
उपाध्यक्ष- जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज कोरबा





सागरमल धनोंदिया
पूर्व अध्यक्ष-अग्रवाल सभा कटघोरा

सम्माननीय समस्त अग्र बंधुओं को
श्री अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि पर्व की
पूरे जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...

—:फर्म:—

मे. धनेश प्रसाद सालिक राम अग्रवाल
रजकम्मा, मो.91092-85944
मे.मां संतोषी राइस मिल
रजकम्मा, मो.99267-75222
में. मां संतोषी चावल उद्योग
रजकम्मा, मो.93400-85289
में. मां संतोषी फूड्स
रजकम्मा, मो.96696-50676



अशोक अग्रवाल
रजकम्मा



राहुल अग्रवाल



कटघोरा क्षेत्र के हरिभूमि के समस्त सुधी पाठकों को अग्रसेन जयंती एवं नवरात्र पर्व 2025 की ढेर सारी शुभकामनाएं...

लायन अजय धनोंदिया

अध्यक्ष -पत्रकार संघ कटघोरा, रिजन PRO रिजन-9 सी., संरक्षक-लांयस क्लब कटघोरा-छुरी
जिला उपाध्यक्ष-चेम्बर ऑफ कामर्स कोरबा, संरक्षक -मारवाडी युवा मंच कटघोरा, संवाददाता-हरिभूमि कटघोरा, उपाध्यक्ष -भाजपा मंडल कटघोरा,
मीडिया प्रभारी- अग्रवाल सभा कटघोरा, सदस्य - छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन





जय अग्रसेन जय अग्रोहा जय अग्रवाल

महाराजा अग्रसेन जी महाराज

की जयंती एवं नवरात्रि पर्व की

समस्त जिलवासियों को

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....





सतीश धनोदिया
सरंक्षक- पत्रकार संघ कटघोरा



संजय धनोदिया
शक्ति फूड्स कसनिया कटघोरा



आशीष धनोदिया
शक्ति प्रोडक्ट कसनिया कटघोरा



घांसीराम अग्रवाल
गणेश प्लाई, मेन रोड कटघोरा



भरत मित्तल
महामाया राईस मिल कारखाना एरिया कटघोरा



नरेंद्र मित्तल
नरेन्द्र ज्वेलर्स, मेन रोड कटघोरा



मनोज अग्रवाल
बंसल ट्रेडिंग नवागांव रोड कटघोरा



नवीन अग्रवाल
राघव शंकर राईस मिल कोरबा रोड कटघोरा



अनुराग अग्रवाल
अनुराग राईस मिल लखनपुर रोड कटघोरा



ओमप्रकाश अग्रवाल
गोयल राईस मिल कारखाना एरिया कटघोरा



रवि सिंघल
बाजार मोहल्ला कटघोरा



लायन अंकुर अग्रवाल
अंकुर अनाज भंडार मेन रोड कटघोरा



लायन पंकज अग्रवाल
संकट मोचन राईस मिल एवं केशरी नंदन राईस मिल लखनपुर रोड कटघोरा



राहुल धनोदिया
संकट मोचन राईस मिल एवं केशरी नंदन राईस मिल लखनपुर रोड कटघोरा



विकास धनोदिया
माँ सरस्वती राईस मिल कसनिया कटघोरा



मुकेश अग्रवाल
पूजा डेयरी एण्ड आइस्क्रीम पाली



मनोज अग्रवाल
ब वर्ग ठेकेदार कारखाना एरिया कटघोरा



मोतीलाल अग्रवाल
दयानंद मोतीलाल अग्रवाल न्यू बस स्टैण्ड कटघोरा



विकास अग्रवाल
गणपति ट्रेडर्ड बिलासपुर रोड कटघोरा



महेंद्र सिंघल
श्री श्याम बीज भंडार बिलासपुर रोड कटघोरा



संजय अग्रवाल
पार्षद वार्ड क्र. 09 न.पा.प. कटघोरा



सांवरिया मित्तल
मुख्य मार्ग कटघोरा

खबर संक्षेप



मड़वा संयंत्र ने एक दिन में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन का बनाया रिकार्ड

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा ने विद्युत उत्पादन की नई ऊंचाइयों को छू लिया है। विद्युत संयंत्र ने 8 अक्टूबर 2026 को 100.96 प्रतिशत पीएलएफ. के साथ 12.230 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान बनाया है। इससे पहले वर्ष 2018 में 12 जनवरी को 100.94 प्रतिशत पीएलएफ.के साथ 24.226 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान बनाया था।

राखड़ परिवहन के दौरान उड़ती धूल से राहगीरों परेशान



कोरबा। सीएसईबी के पुराने संयंत्र से निकलने वाले राखड़ के निष्कासन के लिए बनाए गए सेलो से राखड़ परिवहन में लगे वाहनों की आवाजाही अब स्थानीय रहवासियों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। राखड़ से भरे वाहनों के आवागमन के दौरान सड़क पर धूल और राखड़ उड़ने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, राखड़ परिवहन करने वाले वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल और राखड़ आसपास के वातावरण को प्रभावित कर रही है। इससे सड़क से गुजरने वाले राहगीरों के साथ-साथ कलमीदुग्गू के निवासियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को आशंका है कि लगातार उड़ने वाली धूल और राखड़ उनके स्वास्थ्य तथा दैनिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इस समस्या को लेकर सीएसईबी के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राखड़ के निष्कासन और परिवहन की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन इससे आम जनता को हो रही परेशानियों के समाधान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय रहवासियों और राहगीरों को राहत दिलाने के लिए राखड़ परिवहन मार्ग पर नियमित पानी का छिड़काव, वाहनों में राखड़ को ढककर परिवहन करने तथा सड़क की नियमित सफाई जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना आवश्यक है।

खनिज विभाग का खनिज माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही, 21 वाहन जब्त



कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश तथा उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन परिवहन व भण्डारण पर प्रतिबंध लगाने के लिए खनिज विभाग कोरबा सख्त रुख अपना रहा है। खनिज उड़नदस्ता दलों द्वारा बुधवार से लगातार तीन दिन खनिज माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जिले के राताखार, सीतामढ़ी, बरमपुर सहित कई स्थानों पर दिन-रात छापा मारकर सघन जांच की गई। जिस दौरान रेत का अवैध परिवहन कर रहे तरदा में 2 ट्रेक्टर, हरदीबाजार में 1 टीपर, बरमपुर में 1 ट्रेक्टर, पाली में 2 ट्रेक्टर, सुराकछार में 1 ट्रेक्टर, उमरेली में 1 ट्रेक्टर, कुदुरमाल व सोनपुरी में रेत का उत्खनन व परिवहन कर रहे 8 ट्रेक्टर, गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे 4 हाइवा व 1 ट्रेक्टर सहित कुल 21 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए जब्त कर सर्वमंगला पुलिस चौकी, उरगा थाना, पाली थाना, खनिज जांच चौकी उरगा व खनिज जांच चौकी हरदीबाजार की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है।

जन-जागरूकता का चला अभियान

कोरबा। हसदेव जल संसाधन विभाग के तत्वावधान में हसदेव बैराज जलप्रबंध संभाग, रामपुर में जल जन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना, जलाशयों और अन्य जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए जनभागीदारी बढ़ाना तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश देना था। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों और स्थानीय नागरिकों ने हाथों में 'जल जन सेवा संकल्प' के पंपलेट लेकर जल की प्रत्येक बूंद बचाने और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया।

कोल अफसरों को मिली राहत, तीन किश्तों में मिलेगा पे स्केल अपग्रेडेशन का एरियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कोयला अधिकारियों को पे स्केल अपग्रेडेशन के एरियर का भुगतान तीन किस्तों में किया जाएगा। सीआइएल के पॉलिसी सेल ने रविवार, 4 अक्तूबर को छुट्टी के दिन भुगतान संबंधी आदेश जारी किया है। इसके अनुसार पहली किस्त अक्टूबर में 40 प्रतिशत, दूसरी दिसंबर में 40 प्रतिशत और तीसरी मार्च में 20 प्रतिशत होगी।

कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों को पहली किस्त के भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है फंड की कमी होने की स्थिति में भी 31 अक्टूबर तक पहली किस्त का भुगतान करना अनिवार्य किया गया है। पे स्केल अपग्रेडेशन से संबंधित मामला जबलपुर हाइकोर्ट में चल रहा है। सुनवाई के दौरान सीआइएल की ओर से चरणबद्ध भुगतान का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया था। इसी कार्यक्रम के आधार पर एरियर भुगतान के लिए तीन किस्तें निर्धारित की गयी है। सीआइएल की ओर से 2 फरवरी को शेयर बाजार को दी गयी जानकारी के अनुसार, पे स्केल अपग्रेडेशन का लाभ ई-1 से ई-7 ग्रेड तक के अधिकारियों को मिलेगा। इसके दायरे में कुल 15431 अधिकारी है। कंपनी के आकलन के अनुसार, 31 जुलाई 2023 की स्थिति में इन अधिकारियों का कुल बेसिक 153.67 करोड़ रुपये था। संशोधित बेसिक के आधार पर यह राशि 173.52 करोड़ रुपये आंकी गयी है यानी बेसिक में 19.85 करोड़ रुपये का अंतर है। सीआइएल के आंकलन में डीए, पर्क्स और सुपरएनुएशन बेनिफिट को शामिल करने पर 31 जुलाई 2023 की स्थिति में कुल राशि 331.86 करोड़ रुपये थी। संशोधित वेतनमान के आधार पर यह राशि 374.74 करोड़ रुपये आंकी गयी है।

अक्टूबर में मिलेगी पहली किश्त, दिसंबर में दूसरी व मार्च में तीसरी किश्त



सेवानिवृत्त अधिकारियों का भुगतान बाद में

सीआइएल और उसकी सहायक कंपनियों से अलग हो चुके अधिकारियों के एरियर के भुगतान के लिए अलग व्यवस्था की गयी है। उनके एरियर का भुगतान ऑडिट पूरा होने के बाद किया जाएगा 4 अक्टूबर को जारी आदेश फिलहाल ऑन-रोल एग्जीक्यूटिव कैडर के अधिकारियों के लिए है।

1 जनवरी 2017 से नॉमिनल अपग्रेडेशन

सीआइएल के बाजार प्रकटीकरण के अनुसार, अधिकारियों के पे स्केल को 1 जनवरी 2017 से नॉमिनल रूप से अपग्रेड किया गया है। हालांकि, इसका वित्तीय प्रभाव 23 अगस्त 2023 से लागू माना गया है। इसी आधार पर एरियर भुगतान की गणना और प्रक्रिया आगे बढ़ायी जा रही है।

बेटे को समझाइश देने की जगह शासकीय कार्य में डाली बाधा, पुलिस कर्मियों से की गाली गलौज

शराबी बेटे को थाने में छुड़ाने पहुंची मां ने थाना प्रभारी से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब के नशे में बाइक चलाने वाले अजय यादव के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान उसे बचाने थाने पहुंची उसकी मां रानी यादव ने थाने में ही हंगामा शुरू कर दिया। रानी यादव अपने बेटे अजय यादव को जबरजस्ती थाना से ले जाना चाह रही थी। पुलिस कर्मियों द्वारा मना करने पर रानी यादव ने पुलिसकर्मियों को धमकाया, गाली-गलौज की और प्रशिक्षु थाना प्रभारी का हाथ मरोड़ दिया। घटना में प्रशिक्षु थाना प्रभारी के हाथ में चोट आई है। पुलिस ने महिला के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसके बेटे के खिलाफ भी शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि बालकोनगर थाना में पदस्थ प्रशिक्षु थाना प्रभारी ईश्वरी राज ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करायी है कि जिसमें उल्लेख किया गया है कि 9 अक्टूबर की रात्रि प्रशिक्षु थाना प्रभारी ईश्वरी राज और अन्य पुलिस कर्मी अपने अपने शासकीय कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान रात्रि करीब 8 बजे श्रीमति गीता महंत, श्रीमति दुर्गा सिंह, श्रीमति पुष्पा पात्रे, श्रीमति ममता बाई पनिका थाना पहुंची। उन्हीं के साथ अजय यादव निवासी सेक्टर 5 बालको अपने मोटर सायकल में थाने पहुंचा। गीता महंत के द्वारा पुलिस को बताया गया कि रात्रि करीब 7.20 बजे परसाभांठा बाजार चौक के पास अजय यादव अपने मोटर सायकल हीरो स्प्लेण्डर प्लस क्रमांक सीजी 12 बीई 5946 को शराब के नशे में चलाते हुए आकर उसके बहुत करीब से निकला। मोटर सायकल इसके चुनरी से टच हुआ तथा इसके पैर के ऊपर मोटर सायकल चढ़ते-चढ़ते बचा। गीता महंत ने अजय से कहा कि भैया अपने मोटर सायकल को देखकर चलाओ तो अजय यादव ने उससे वाद-विवाद व अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद महिलाएं घटना की सूचना देने थाना पहुंची। गीता महंत के द्वारा शिकायत किए जाने के बाद अजय यादव की ब्रिथ एनालाईजर मशीन से जांच की गई। जिसमें 169एमजी सौ एमएल मात्रा में शराब का सेवन करना पाया गया। अजय यादव के द्वारा शराब के नशे में मोटर सायकल चलाते पाये जाने पर उसके विरूद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही किया जा रहा था। इसी दौरान अजय यादव की मां रानी यादव थाना आकर, मेरे बेटा के विरूद्ध कैसे कार्यवाही करोगे, यह दस्तखत नहीं करेगा, जिसको जो उखाड़ना है उखाड़ ले मैं अपना बेटा को लेकर जा रही हूं, कहकर अजय यादव को जबरजस्ती ले जाने लगी। रानी यादव को थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस स्टाफ के द्वारा समझाईश दिया गया कि लिखा पढ़ी के बाद ले जाना। तब रानी यादव ने पुलिस कर्मियों को धमकाने लगी कि कौन लिखा-पढ़ी करेगा, कैसे-लिखा पढ़ी करेगा तथा जोर-जोर से चिल्लाते हुए थाना में हंगामा करने लगी। थाना के स्टाफ एवं विभिन्न कार्यों से थाना में आये हुए व्यक्तियों को व्यवधान हुआ। प्रशिक्षु थाना प्रभारी ईश्वरी राज एवं अन्य स्टाफ के द्वारा समझाने पर रानी यादव के द्वारा तू कौन होती है बोलने वाली कहते हुए थाना प्रभारी को सबके सामने गाली देते हुए अचानक उस पर हमला कर दाहिना हाथ को पकड़कर मरोड़ दी, जिससे प्रशिक्षु थाना प्रभारी के दाहिना हाथ के अंगूठे में चोट पहुंची है। दाहिना हाथ की कलाई में रानी के नाखून से चोट लगी है। रानी यादव के द्वारा थाना प्रभारी एवं थाने के अन्य स्टाफ से भी विवाद करते हुए सभी के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया गया। उसकी इन हरकतों को देखकर थाना आयी श्रीमति गीता महंत, श्रीमति दुर्गा सिंह, श्रीमति पुष्पा पात्रे, श्रीमति ममता बाई पनिका वापस अपने घर चली गई। रानी यादव के विरूद्ध पीएसआई ईश्वरी राज की रिपोर्ट पर धारा 121, 132, 221, 296 बीएनएसएस तथा एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस का काला दिवस, चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला



प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने ग्राम बोईदा में विरोध प्रदर्शन करते हुए काला दिवस मनाय गया। एआईसीसी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के तत्वावधान में बोईदा बस स्टैंड स्थित अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया और उनके इस्तीफे की मांग की।

कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के अध्यक्ष कौशल श्रीवास ने किया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक प्रभारी गुलशन जायसवाल, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष मनमोहन राठौर, मंडल कांग्रेस उतरदा अध्यक्ष शेखर पटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने वोट चोरी के मुद्दे को लेकर नारेबाजी की और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर काला दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बोईदा के अटल चौक पर एकत्रित होकर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान दशरथ सिंह कंवर, चंद्रहास राठौर, लक्ष्मी बंजारे, राजकुमार मरावी, रामेश्वर सिंह राज, सत्या कंवर, हरसेन महंत, आशीष राठौर, लंबोदर कंवर, मनीराम पटेल, बलराम कश्यप, सुधवार सिंह खुसरो, मथुर सिंह खुसरो, राधे आदि उपस्थित थे।

मैदान से लेकर पहाड़ तक मां की भक्ति की नौ दिन तक चलेगी अराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्रि का पर्व आज से शुरु होने जा रहा है। नौ दिन तक मैदान से लेकर अंचल के पहाड़ों तक विराजित आदिशक्ति के दरबार में नौ दिन तक भक्ति की अराधना का दौर चलेगा। जिले की सीमा में स्थिति चेपारानी से लेकर मड़वरानी पहाड़ और चैतुरगढ़ की महिषासुरमर्दनी के साथ डगनई पहाड़ में विराजमान डंगनाई देवी की परंपरागत रुप से पूजा कर नौ दिनों तक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे।

अंचल के मैदानी क्षेत्र में विराजमान मां सर्वमंगला देवी और भवानी मंदिर से लेकर कंकालिन देवी, काली मंदिर और कोरबा राजपरिवार परिसर में स्थित राजपरिवार की कुल देवी के दरबार में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। नौ दिनों तक मैदानी क्षेत्र से लेकर पहाड़ में विराजमान आदिशक्ति के दर्शन के लिए पहुंचने वाले दर्शानार्थियों में भक्ति के कई रुप नजर आएंगे। वैष्णो दरबार, महिषासुर मर्दिनी मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, सिद्धिदात्री मंदिर, देवपहरी और हसदेव बैराज क्षेत्र स्थित भवानी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में नवरात्रि पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। इन मंदिरों में नवरात्रि के दौरान नियमित पूजा-अर्चना के साथ देवी भागवत, दुर्गा सप्तशती पाठ और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मां के दर्शन करने वाले दर्शानार्थियों में भक्ति के कई रुप नजर आएगा। कोई लेटते हुए मां के दरबार पहुंचेगा तो कोई झूमते गाते मां के भजनों में लीन होकर आराधना करने पहुंचेगा।

खास बातें

- चेपारानी, मड़वारानी, चैतुरगढ़, डगनई देवी का पहाड़ों में सजेगा दरबार
- सर्वमंगला मंदिर के साथ भवानी मंदिर में भी उमड़ेगी भक्ति



एमपीनगर में तैयार किया गया गरबा पंडाल।

हजारों ज्योति कलश होंगे प्रज्वलित

नवरात्रि के दौरान मंदिरों में बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिर समितियों के पास पहले से पंजीयन कराया है। कई मंदिरों में ज्योति कलश स्थापना की संख्या हजारों में पहुंचने की संभावना है। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहने की उम्मीद है।

गरबा और जगराता की जगह जगह होंगे आयोजन

नवरात्रि के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ विभिन्न स्थानों पर जगराता, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इसके लिए आयोजन समितियों ने स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर से आने वाले कलाकारों और मनोरंजन समूहों से भी संपर्क शुरू कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक नवरात्रि के नौ दिनों में धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहने की संभावना है। शहर के शिवाजी कॉलोनी में गरबा के लिए आवश्यक तैयारियां की गई है। इनके अलावा एसईसीएल, एनटीपीसी, बालको, एमपी नगर दशहरा मैदान में भी गरबा डांडिया का आयोजन किया जाएगा। टीपी नगर में पार्टीदार भवन में तैयारियां की गई है।

तलवार से युवक पर जानलेवा हमला करने की कोशिश करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलगी कॉलोनी के दशहरा मैदान में मामूली विवाद पर एक युवक की तलवार से जान लेने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सजगता दिखाते हुए पीड़ित ने हमलावर का गला पकड़ लिया, जिससे उसकी जान बच गई। बांकीमोंगरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी प्रशांत कुमार साहू (23) और उसके छोटे भाई योगेश कुमार साहू (20) को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को कटघोरा न्यायालय में पेश कर 24 अक्टूबर 2026 तक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी निखिल बंजारे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि योगेश साहू उसे मोहल्ले में 'चोर' कहकर बदनाम कर रहा था। 10 अक्टूबर को जब निखिल ने दशहरा मैदान के पास योगेश से इस बात का विरोध किया, तो योगेश गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। उसने तुरंत फोन कर अपने बड़े भाई प्रशांत साहू को घर से तलवार लेकर बुलाया। प्रशांत अपनी मोटरसाइकिल सीजी 12 एम 1068 से धारदार तलवार लेकर पहुंचा और निखिल पर जानलेवा वार कर दिया। पीड़ित ने सूझबूझ से प्रशांत का गला दबोच लिया, जिससे वार चूक गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वारदात में इस्तेमाल तलवार और मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।



तलवार के साथ गिरफ्तार आरोपी।













